# 33. सचिवालय व मुख्य सचिव

❑ निम्न में से कौनसा राजस्थान का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होता है- [PTI 2015, II Grade Teacher 2014]
[कॉलेज व्याख्याता (सारंगी) परीक्षा 30.05.2019]

(1) मुख्य सचिव (2) प्रमुख शासन सचिव
(3) मुख्यमंत्री (4) मंत्रिमण्डल सचिव

**Ans. (1)**

*व्याख्या-शासन सचिवालय का मुखिया मुख्य सचिव होता है जो भारतीय प्रशासनिक सेवा का वरिष्ठतम अधिकारी एवं मुख्यमंत्री का विश्वासपात्र होता है। इसकी नियुक्ति मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है। मुख्य सचिव राज्य प्रशासन की 'किंग पिन' है जो नीति- निर्माण, नियंत्रण तथा प्रशासकीय नेतृत्व में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निर्वाहित करता है।*

❑ राजस्थान में नौकरशाह संगठन का प्रमुख कौन है? [PTI Exam - 23.02.2015]

(1) मुख्यमंत्री (2) कार्मिक सचिव
(3) गृह सचिव (4) मुख्य सचिव

**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ मुख्य सचिव के पद पर नियुक्त होने वाले अधिकारी का निम्न द्वारा चयन किया जाता है- [IIgd. T-26.4.17]
[जेल प्रहरी परीक्षा 28-10-2018, Shift -II]

(1) राज्यपाल (2) मुख्यमंत्री
(3) गृहमंत्री (4) राष्ट्रपति

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान में शासन सचिवालय की स्थापना कब हुई- [VDO-28.12.2021 (S-I)][पटवार परीक्षा - 2011]

(1) अप्रैल, 1949 (2) नवम्बर, 1950
(3) नवम्बर, 1949 (4) अप्रैल, 1950

**Ans. (1)**

*व्याख्या - अप्रैल 1949 में राजस्थान शासन सचिवालय का एकीकृत रूप अस्तित्व में आया।*

❑ राजस्थान राज्य सचिवालय के निम्न पदाधिकारियों पर विचार कीजिए-[II Gra.GK (संस्कृत शिक्षा)-19.2.2019]

1. मुख्य सचिव 2. उप-सचिव
3. अतिरिक्त सचिव 4. शासन सचिव

उपर्युक्त पदाधिकारियों का सही अवरोही क्रम क्या है?

(1) 1, 2, 3, 4 (2) 1, 3, 2, 4
(3) 1, 4, 2, 3 (4) 1, 4, 3, 2

**Ans. (4)**

*व्याख्या - पदाधिकारियों का सही अवरोही क्रम है-*

राजनीतिक स्तर:
मुख्यमंत्री
↓
कैबिनेट स्तर के मंत्री
↓
राज्य मंत्री
↓
उप मंत्री
↓
संसदीय सचिव ( यह मंत्री पद प्रायः नहीं होता )
↓
मुख्य सचिव
↓

प्रशासनिक स्तर:
अतिरिक्त मुख्य सचिव
↓
संबंधित विभाग का प्रमुख शासन सचिव
↓
विशेष/अतिरिक्त सचिव
↓
उप सचिव
↓
सहायक सचिव/अनुभाग अधिकारी
↓
अन्य मंत्रालयिक कर्मचारी

❑ अधोलिखित राज्य सचिव में स्थित पदों को नीचे दिए गये कूट की सहायता से पद सोपानीय क्रम ( उच्चतर से निम्नतर ) में नियोजित करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए-[ ग्राम सेवक परीक्षा, 18.12.2016 ]

1. सचिव 2. उप सचिव
3. विशिष्ट सचिव 4. सहायक सचिव

कूट :

(1) 2, 3, 4, 1 (2) 4, 3, 2, 1
(3) 3, 2, 1, 4 (4) 1, 3, 2, 4

**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ **सुमेलित कीजिये:** [PTI (Grade-III)-25.9.2022]

| राज्य सचिवालय में रैंक | कार्य |
|---|---|
| A. शासन सचिव | 1. कार्यक्रम क्रियान्वयन |
| B. परियोजना अधिकारी | 2. नैत्यक लिपिक कार्य |
| C. अनुभाग अधिकारी | 3. सम्पूर्ण कार्यवेक्षक |
| D. सहायक | 4. नीति-निर्माण |

| कूट: | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 1 | 2 | 3 | (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 3 | 2 | 1 | 4 | (4) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**Ans. (1)**

❐ **मुख्य सचिव की सेवा अवधि निर्भर करती है-** [पटवार परीक्षा - 2011]

(1) राज्यपाल के साथ संबंधों पर।

(2) मुख्यमंत्री के साथ संबंधों पर।

(3) विधानसभा अध्यक्ष के साथ संबंधों पर।

(4) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (2)**

***व्याख्या :*** *मुख्य सचिव की सेवा अवधि उसके मुख्यमंत्री के साथ संबंधों पर निर्भर करती है। मुख्य सचिव का कार्यकाल निश्चित नहीं है। भारत सरकार और राज्य प्रशासन के बीच शासकीय संवाद का औपचारिक चैनल मुख्य सचिव होता है।*

❐ **मुख्य सचिव के निम्न में कौनसा कार्मिक प्रशासन से सम्बन्धित दायित्व नहीं है?** [पटवार परीक्षा - 2011]

(1) सेवा शर्तों में संशोधन करना।

(2) लोक सेवकों में नियमों के प्रति प्रतिबद्धता पर नजर रखना।

(3) पदोन्नति व वरिष्ठता निर्धारण से सम्बन्धित कार्य।

(4) मंत्रिमण्डलों की बैठकों को बुलाने के विषय में सूचना देना।

**Ans. (4)**

***व्याख्या -मंत्रिमंडल की बैठकों की व्यवस्था :*** *वांछित सूचना या फाईल उपलब्ध कराना, महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर अपना परामर्श देना तथा मंत्रिमंडल के निर्णयों को लागू कराने में मुख्य सचिव की भूमिका निर्विवाद रूप से महत्त्वपूर्ण है। राज्य प्रशासन की नीतियों, कानूनों, कार्यक्रमों तथा नवीन योजनाओं के निर्माण, मुख्यमंत्री द्वारा किए गए वायदों की क्रियान्विति इत्यादि में मुख्य सचिव बहुत कुशलता से अपना कार्य सम्पादित करता है।*

❐ **मुख्य सचिव के कार्यों के संबंध में निम्नांकित कथनों को सावधानी से पढ़कर सही उत्तर दीजिए-** [II Grade GK (संस्कृत शिक्षा) -17.02.2019]

**1.** वह मुख्यमंत्री का प्रमुख सलाहकार होता है।

**2.** वह राज्य लोक सेवाओं का प्रमुख होता है।

**3.** वह राज्य के राज्यपाल का प्रमुख सलाहकार होता है।

(1) केवल 1 और 3 सही हैं। (2) केवल 2 सही है।

(3) केवल 1 और 2 सही हैं। (4) केवल 3 सही है।

**Ans. (3)**

***व्याख्या*** *- मुख्य सचिव होता है-*

- *मुख्यमंत्री का सहयोगी एवं सलाहकार*
- *लोक सेवकों का प्रमुख*
- *मंत्रिमण्डल का सचिव*

• ***मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के रूप में :*** *राज्य सचिवालय के विभागों के सभी सचिवों, निदेशालयों के निदेशकों, सम्भागीय आयुक्तों, जिला कलक्टरों तथा अन्य सभी राज्य कर्मचारियों का शीर्षस्थ अधिकारी मुख्य सचिव होता है। राज्य के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के रूप में वह राज्यपाल तथा मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति द्वारा जारी वारण्ट, शपथ ग्रहण समारोहों में पढ़कर सुनाता है। इसी तरह लोकायुक्त को शपथ दिलाने से पूर्व राज्यपाल द्वारा जारी वारण्ट पढ़कर सुनाने का कार्य भी मुख्य सचिव करता है।*

• ***कुछ विभागों के प्रमुख के रूप में :*** *यद्यपि मुख्य सचिव राज्य के सम्पूर्ण प्रशासन तंत्र का प्रशासनिक प्रमुख है तथापि कुछ विभाग ऐसे हैं जिनका सचिव पद कभी-कभी, मुख्य सचिव द्वारा भी धारित किया जाता है। इन विभागों में प्रशासनिक सुधार विभाग, कार्मिक विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग तथा नियोजन (आयोजना) विभाग प्रमुख है।*

❐ **राज्य का मुख्य सचिव कार्य करता है-** [जेल प्रहरी-21-10-2018][द्वितीय श्रेणी अध्यापक-1.5.2017]

**1.** कैबिनेट के सचिव के रूप में, **2.** मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार के रूप में, **3.** सचिवों के मुखिया के रूप में, **4.** सिविल सेवा के प्रधान के रूप में **5.** राज्य के प्रधान के रूप में

(1) 2, 3, 4, 5 (2) 1, 2, 3, 4

(3) 2, 4, 5 (4) 1, 2, 4, 5

**Ans. (2)** *व्याख्या :* उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान का प्रथम मुख्य सचिव बना? [RAS 2015]
[जेल प्रहरी परीक्षा 21-10-2018, Shift -II]

(1) श्री के. राधाकृष्णन (2) श्री एस.डब्ल्यू. शिवेश्कर
(3) श्री बी.जी. राव (4) श्री वी. नारायण

**Ans.** (1)

व्याख्या – प्रमुख मुख्य सचिव : एक दृष्टि में

1. के. राधाकृष्णन (13.04.1949 से 02.05.1950)-प्रथम मुख्य सचिव
2. वी. नारायणन (02.05.1950 से 01.09.1950)
3. के. राधाकृष्णन (01.09.1950 से 31.01.1951)
4. एस. डब्ल्यू शिवशंकर (08.02.1951 से 16.02.1953)
5. बी. जी. राव (16.02.1953 से 30.12.1954)
6. श्री किशन पुरी (30.12.1954 से 12.01.1957)
7. के. एन. सुब्रह्मण्यम (11.03.1957 से 06.05.1958)
8. भगवतसिंह मेहता ( 09.05.1958 से 26.09.1964 ) - इस पद पर पहुँचने वाले पहले राजस्थानी थे जो इस पद पर सर्वाधिक अवधि तक रहे थे।
9. एस. डी. उज्ज्वल (26.09.1964 से 16.01.1965)- राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य रहे।
10. भगवतसिंह मेहता ( 16.01.1965 से 19.10.1966 )
11. के. पी. यू. मेनन ( 29.10.1966 से 22.10.1968 )
12. आर. डी. माथुर ( 22.10.1968 से 16.05.1969 )
13. जेड. एस. झाला ( 17.05.1969 से 09.08.1971 )
14. एस. एल. खुराणा ( 09.08.1971 से 26.06.1975 )
15. मोहन मुखर्जी ( 07.07.1975 से 01.05.1977 )
16. आर.डी. थापर ( 04.05.1977 से 26.06.1977 )
17. मोहन मुखर्जी ( 26.06.1977 से 31.10.1977 )
18. जी. के. भनोत ( 28.11.1977 से 29.12.1980 )
19. एम. एम. के. वली ( 29.12.1980 से 20.02.1984 )
20. आनन्द मोहन लाल सक्सेना-( 21.02.1984 से 22.07.1985 )
21. नरेश चन्द्र ( 22.07.1985 से 09.03.1986 )-2007 में पद्म विभूषण से सम्मानित
22. विपिन बिहारीलाल माथुर (10.03.1986 से 31.01.1992)-सर्वाधिक मुख्यमंत्रियों ( हरिदेव जोशी, शिवचरण माथुर, भैंरोसिंह शेखावत ) के काल में मुख्यसचिव
23. टी.वी. रमणन ( 31.01.1992 से 30.08.1993 )
24. गोविन्द जे. मिश्रा ( 30.08.1993 से 29.01.1994 )
25. मीठा लाल मेहता (02.02.1994 से 31.12.1997)- 2015 में पद्म श्री से सम्मानित
26. अरूण कुमार ( 31.12.1997 से 01.01.2000 )
27. इन्द्रजीत खन्ना ( 01.01.2000 से 26.12.2002 )
28. आर. के. नायर ( 26.12.2002 से 28.02.2005 )
29. अनिल वैश्य ( 28.02.2005 से 30.06.2007 )
30. डी.सी. सावंत ( 30.06.2007 से 27.2.2009 )
31. कुशल सिंह ( 27.02.2009 से 31.10.2009 )-राज्य की पहली महिला मुख्य सचिव
32. टी. श्रीनिवासन ( 31.10.2009 से 31.08.2010 )
33. सलाउद्दीन अहमद ( 31.08.2010 से 29.02.2012 )
34. सी. के. मैथ्यु (29.02.2012 से 15.10.2013)
35. सी.एस. राजन (20-10-2013 से 22-12-2013)
36. राजीव महर्षि (22-12-2013 से 28-10-2014)
37. सी.एस. राजन (31-10-2014 से 30-06-2016)
38. ओ.पी. मीणा ( 30.06.2016 से 30.06.2017 )- अनुसूचित जनजाति के राज्य में प्रथम मुख्य सचिव
39. अशोक जैन (30-06-2017 से 31-12-2017)
40. निहाल चन्द गोयल ( 31.12.2017 से 30.04.2018 ) -दूसरा सबसे छोटा कार्यकाल
41. डी.बी. गुप्ता (30.04.2018 से 03.07.2020)
42. राजीव स्वरूप ( 03.07.2020 से 31.10.2020 )- सबसे छोटा कार्यकाल
43. निरंजन कुमार आर्य ( 01.11.2020 से 31.01.2022- अनुसूचित जाति के राज्य में प्रथम मुख्य सचिव
44. उषा शर्मा ( 31.01.2022 से 31.12.2023 ) - राज्य की दूसरी महिला मुख्य सचिव
45. सुधांश पंत ( 31.12.2023 से निरन्तर..... )

❒ राजस्थान के पूर्व मुख्य सचिवों का सही कालानुक्रम है? [PTI (Grade II)-30.4.2023]

1. श्री किशन पुरी 2. श्री के.एन. सुब्रमण्यम
3. श्री बी.जी. राव 4. श्री भगतसिंह मेहता

(1) 1, 2, 4, 3 (2) 2, 1, 4, 3
(3) 3, 1, 2, 4 (4) 4, 2, 1, 3

**Ans.** (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ राजस्थान की प्रथम महिला मुख्य सचिव कौन थीं?
[II Grade (Hindi)-2011]
[जेल प्रहरी27-10-2018, Shift -II]

(1) श्रीमती कृष्णा भटनागर (2) श्रीमती मीनाक्षी हूजा
(3) श्रीमती अल्का काला (4) श्रीमती कुशल सिंह

**Ans.** (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned with OKEN Scanner

❒ **वर्तमान मुख्य सचिव ऊषा शर्मा से पूर्व कितनी महिलाएँ राजस्थान की मुख्य सचिव रही हैं ?** [II Grade (S-II) -29.1.2023]

(1) एक (2) दो (3) तीन (4) दस

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **सबसे छोटे कार्यकाल वाले राजस्थान के मुख्य सचिव हैं-** [II Grade - 30.07.2023 (S- I)]

(1) राजीव स्वरूप (2) एन. सी. गोयल
(3) निरंजन कुमार आर्य (4) सी.के. मैथ्यू

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्नलिखित में से कौन राजस्थान के मुख्य सचिव थे, जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दिसम्बर, 2018 में सत्ता में आई?** [II Grade - 30.07.2023 (S- II)]

(1) श्री अशोक जैन (2) श्री निहाल चंद गोयल
(3) श्री निरंजन कुमार आर्य (4) श्री देवेन्द्र भूषण गुप्ता

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्न में से कौन राजस्थान के मुख्य सचिव रहे हैं-** [Assistant Professor-22.9.2021]

**1. वी. नारायणन** **2. किशन पुरी**
**3. सांवलदान उज्ज्वल** **4. मघराज कल्ला**

(1) केवल 1 (2) केवल 2
(3) 1, 2, 3 (4) 1, 2, 3, 4

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्नलिखित में से राजस्थान के कौन से मुख्य सचिव राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य रह चुके हैं-** [प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]

(1) सांवलदास उज्ज्वल (2) सुन्दरलाल खुराना
(3) मोहन मुखर्जी (4) आनन्द मोहन लाल

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान के मुख्य सचिवों में से किसने अपने कार्यकाल के दौरान अधिकतम संख्या में मुख्यमंत्रियों के साथ कार्य किया है?** [II Grade GK - 21.12.2022]

(1) मीठालाल मेहता (2) वी.बी.एल. माथुर
(3) एस.एल. खुराना (4) अरुण कुमार

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान के निम्नलिखित पूर्व मुख्य सचिवों को उनके कार्यकाल के अनुसार कालानुक्रम में व्यवस्थित करें।** [III Grade (Hindi) -26.2.2023]

(1) सी.के. मैथ्यू-राजीव महर्षि-निहाल चंद गोयल-डी. बी. गुप्ता
(2) राजीव-महर्षि - सी.के. मैथ्यू - निहाल चंद गोयल-डी.बी. गुप्ता
(3) निहाल चंद गोयल-सी.के. मैथ्यू - राजीव महर्षि-डी.बी. गुप्ता
(4) राजीव महर्षि-निहाल चंद गोयल - सी.के. मैथ्यू - डी.बी. गुप्ता

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **वर्तमान राज्य सरकार (2013-2018) में रहे मुख्य सचिवों का सही समूह है-** [II Grade GK -28.10.2018]

(1) राजीव महर्षि, निहालचन्द गोयल, सी.के. मैथ्यू
(2) राजीव महर्षि, टी. श्रीनिवासन, ओ.पी. मीना
(3) राजीव महर्षि, सी.एस. राजन, अशोक जैन
(4) राजीव महर्षि, सी.के. मैथ्यू, निहाल चन्द्र गोयल

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **सुमेलित नहीं है?** [II Grade (GK) 29.1.2023]

(1) राजीव महर्षि - अशोक गहलोत
(2) मीठा लाल मेहता - भैरोंसिंह शेखावत
(3) के.पी.यू. मेनन - मोहन लाल सुखाड़िया
(4) सी.के. मैथ्यू - वसुंधरा राजे

**Ans.** (4)

> ***व्याख्या* -सी. के. मैथ्यू (29.12.2012 से 15.10.2013) के समय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत थे।**

❒ **राज्य के मुख्य सचिव को 'अवशिष्ट वसीयतदार' कहा जाता है, जिसका अर्थ है-** [IIgd. T -01.05.2017]

(1) वह ऐसे सभी कार्य करता है जो विशिष्ट रूप से किसी सचिव को आवण्टित नहीं किये जाते हैं।
(2) वह मुख्यमंत्री का मुख्य सलाहकार होता है।
(3) वह राज्य में सिविल सेवा का प्रधान होता है।
(4) वह कैबिनेट सचिव के रूप में कार्य करता है।

**Ans.** (1)

> ***व्याख्या*** **- मुख्य सचिव को 'अवशिष्ट वसीयतदार' (Residual Legatee) की संज्ञा दी गई है,** *अर्थात् वह राज्य स्तर पर उन मामलों को देखता है जो कार्य अन्य सचिवों के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं, किन्तु केन्द्रीय कैबिनेट सचिव के मामले में ऐसा नहीं है। केन्द्रस्तर पर यह कार्य PMO सचिव देखता है।*

Scanned with OKEN Scanner